## सार-समाचार

### 'पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा'

**कोटा,** (निसं)। वंदना कैरियर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने कहा की कम फीस मे स्टूडेंट्स को अच्छी शिक्षा देना वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट की प्राथमिकता है। पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट मे स्टूडेंट्स कम फीस में कर सकेंगे नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट द्वारा 1मई तक फीस में भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। वंदना केरियर इंस्टिट्यूट ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाम मात्र की फीस में नीट की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाईन व ऑफलाइन क्लास शुरू की है। जिसमें गरीब व जरूरतमंद स्टूडेंट्स को नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कार्यवाही जाएगी। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे पिछले कई सालों से ऑनलाईन नीट की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों को फ्री क्लास देकर नीट की तैयारी करवा कर नीट की परीक्षा पास करवा रहे हैं। यही नहीं टॉप 1000 रेंक में 26 छात्र तुषार दुबे की फ्री क्लास के भी स्टूडेंट शामिल हैं। साथ ही तुषार दुबे 12 वी तक के गरीब छात्रों को भी नाम मात्र की फीस में क्लास देकर पढ़ाते हैं। तुषार दुबे सर के नाम से लोकप्रिय तुषार दुबे का लगातार प्रयास है की कोई भी स्टूडेंट पैसो के अभाव में शिक्षा से वंचित ना रहे।

### कोटा स्टेशन के वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल का पुनः आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोटा,** (निसं)। एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का विस्तार करते हुए वर्तमान में कोटा मंडल के 9 रेलवे स्टेशनों पर स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान द्वारा डिजाईन 13 स्टॉल एक स्टेशन योजना के अंतर्गत संचालित किए जा रहे है। वर्तमान में कोटा स्टेशन पर कोटा डोरिया साड़ी एवं सूट के दो स्टॉल क्रमशः प्लेटफॉर्म 1 एवं 2 पर संचालित है। जिसकी प्रति स्टॉल प्रतिदिन आमदनी 4,000 रूपये है। कोटा स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म संख्या 2 पर स्टॉल की आवंटन अवधि समाप्त होने के कारण इस स्टॉल के संचालन के लिए स्थानीय बुनकर, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सामाजिक संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक स्टेशन निर्देशक कोटा के कार्यालय में अपना आवेदन निर्धारित समय से पूर्व दे सकते है। इस स्टॉल का आवंटन लॉटरी सिस्टम से 11 अप्रैल, 2025 शाम 05.00 बजे किया जाएगा। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉलो पर यात्रियों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा और लघु उद्यमियों को प्रोत्साहन देना है।

### महादेव मंदिर में नव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**कोटा,** (निसं)। मंगल कलश सिर पर धारण किए पारम्परिक परिवेश में महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए कलशयात्रा में गंगाजी के जयकारे लगाए। एक ही परिवेश में निकाली गई कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत द्वार लगाकर स्वागत किया गया, ये ही नहीं लोगों ने शीतल जल, शर्बत पिलाकर लोगों को भीषण गर्मी में राहत पहुंचाने का प्रयास किया। तेज धूप के बाद भी महिलाओं का उत्साह कम नहीं हुआ और भजन कीर्तन के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। रंगबाड़ी मार्ग पर भगवान श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का नव-प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव (पाटोत्सव) गुरूवार से प्रारंभ हो गया। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष भारत भूषण अरोड़ा ने बताया कि मंदिर में भोलेनाथ विधि-विधान से समारोह पूर्वक अपने नूतन गृह में विराजित हुए, उन्होंने बताया कि गुरूवार प्रातः विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो महावीर नगर तृतीय दंडवीर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर घटोत्कच चौराहा होते हुए श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में क्षेत्र की 1008 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर कलशयात्रा में शामिल हुई।

### शराब के 62 पव्वों सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नान्ता थाना इलाके में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 62 पव्वों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक शिवराज सिंह मय जाप्त इलाके में गश्त करते हुए बड़गांव नहर की पुलिया के समीप पहुंचे जहां मुखबीर द्वारा पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चौथमाता मंदिर रोड़ पर नहर के समीप शराब बेच रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली तो प्लास्टिक के कट्टे में से 62 अवैध देशी शराब के पव्वे मिलें। पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए मोहनलाल सुखाड़िया योजना निवासी शोयब (29) को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### अवैध जिंदा कारतूस सहित दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध जिंदा कारतूस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक कुंवर सिंह एवं थाने के सहायक उपनिरीक्षक लतीफ मोहम्मद दोनों के नेतृत्व में टीम ने मुखबीर की सूचना अलग-अलग कार्यवाही करते हुए छावनी निवासी कुलदीप (28) एवं तालाब गांव अनंतपुरा निवासी पुखराज (38) को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया। पकड़े गये दोनों आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान एक-एक अवैध जिंदा कारतूस बरामद किये। थानाधिकारी ने बताया कि पकड़े गये दोनों आरोपियों से अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### लू-तापघात से बचाव की जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। जिले में भीषण गर्मी का दौर जारी है। ऐसे में संभावित हीट वेव को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है। सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर ने बताया कि गुरुवार को विभाग के कार्मिकों ने शहर के कई हॉस्टलों में जाकर छात्र-छात्राओं को हीटवेव के दौरान 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में जानकारी दी। वहां नोटिस बोर्ड पर भी इस संबंध में जागरूकता पंपलेट व पोस्टर चस्पा किए। साथ ही अध्यापक एवं अन्य स्टॉफ से कहा गया कि वे अपने संस्थान में कूलर एवं ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही हीटवेव से बचाव संबंधी जानकारी छात्र-छात्राओं को दें। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर बताया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए छात्र-छात्राओं को अनावश्यक हॉस्टल से न निकलने, खूब पानी पीने, खाली पेट घर से न निकलने, धूप में छाते का उपयोग करने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### शिवाजी पार्क में परिंडे बांधे

**कोटा,** (निसं)। मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क की टीम द्वारा गुरूवार को शिवाजी पार्क में बेजुबां पक्षियों के लिए पानी से भरे मिट्टी के परिंडे बांदे मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि गर्मी में बेजुबान पक्षी पानी की तलाश में दर-दर भटकते रहते हैं । पानी नहीं मिलने से कई पक्षियों की मौत हो जाती है बेजुबान पक्षियों के लिए गुरूवार को मॉर्निंग क्लब के कार्यकर्ताओं ने पानी से भरे मिट्टी के परिंडे छायादार पेड़ नीम, शीशम, बरगद की टहनियों पर परिंडे बांधे मॉर्निंग क्लब के कार्यकर्ता प्रतिदिन सुबह इन परिंडे में पानी भरेंगे ताकि पक्षियों को दिनभर प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी मिल सकें इस अवसर पर मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, महामंत्री महावीर मेघवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर वर्मा, कोषाध्यक्ष महावीर जैन, संरक्षक ओम खजोतीया,पार्षद महेंद्र वर्मा, पार्षद गिरिराज महावर, उपाध्यक्ष मोइन खान, राजेश वर्मा, सुरेश वाल्मीकि, ओपी मेहरा, इकबाल, नारायण सिंह, पंकज सुमन, दीपक वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अवैध बजरी का खनन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। इटावा पुलिस टीम ने अवैध बजरी का खनन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन में इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई के नेतृत्व में अवैध बजरी खनन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने इलाके में गश्त व चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए काली रेत (बजरी) का अवैध रूप से परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर बरनहाली निवासी सुरेन्द्र कुमार कुशवाह (23) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# खिलाड़ियों को मिलेंगी सुविधाएं, निष्पक्षता से आगे बढ़ने का देंगे मौका : राजीव दत्ता

- कोटा में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

**कोटा,** (निसं)। कोटा के नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरूवार से अंडर-20 राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने कहा कि राजस्थान में कुश्ती का स्वर्णिम युग लौटाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। खिलाड़ियों को सुविधाएं मिलेगी और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ने का मौका भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

दत्ता ने कहा कि यह राजस्थान राज्य कुश्ती संघ का दायित्व है कि पहलवानों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करे। इसके लिए हम सुविधाहीन खिलाड़ियों को भी वे सभी सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे जो उनकी प्रतिभा को संवारने के लिए आवश्यक हैं।

हमारा प्रयास होगा कि बिना भेदभाव किए प्रतियोगिता का आयोजन हो ताकि क्षमतावान खिलाड़ी आगे जाएं और अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। आमजन को कुश्ती से जोड़ने के लिए कई प्रकार की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि जनता विशेषकर युवा क्रिकेट की तरह कुश्ती से भी जुड़े।




कोटा में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कि कुश्ती हमारी संस्कृति और विरासत का अभिन्न अंग है।

युगों-युगों से भारत में कुश्ती खेली जा रही है। यह सिर्फ शक्ति प्रदर्शन नहीं बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने का भी महत्वपूर्ण साधन है। राजस्थान में कुश्ती अब एक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। राजस्थान कुश्ती संघ की नई कार्यकारिणी अध्यक्ष राजीव दत्ता के नेतृत्व में एक नए युग का शुभारंभ करेगी।

कोटा डेयरी के अध्यक्ष चौन सिंह राठौड़ ने कहा कि यदि नेतृत्वकर्ता क्षमतावान हो तो खिलाड़ियों को किसी भी चीज की कमी नहीं रहती। यह पहलवानों का सौभाग्य है कि राजस्थान राज्य कुश्ती संघ को राजीव दत्ता का नेतृत्व मिला है। पहलवान इस अवसर का लाभ उठाते हुए सभी चिंताएं कुश्ती संघ के लिए छोड़कर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने पर ध्यान केंद्रीत करें।

इससे पूर्व कोटा जिला कुश्ती संघ के सचिव हरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह बराड़, सह सचिव भानुप्रताप, समाजसेवी यश अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया।

राज्य स्तरीय अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता के तहत गुरूवार को दिन भर महिला और पुरूष वर्ग के विभिन्न कैटेगरी में कुश्ती के मुकाबले हुए। पहलवानों की जोर आजमाइश और कुश्ती के दांव देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। मुकाबलों के दौरान दर्शक और साथी खिलाड़ी पहलवानों का जोश बढ़ाते भी नजर आए। प्रतियागिता के अंतिम दिन शुक्रवार को फाईनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद समापन समारोह होगा।

कार्यक्रम के दौरान झुंझुनूं निवासी पहलवान छगन मीणा को 51000 का नकद पुरस्कार दिया गया। राजस्थान कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने के बाद राजीव दत्ता ने घोषणा की थी कि राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान को एक लाख, रजत पदक जीतने वाले पहलवान को 51000 जबकि कांस्य जीतने वाले पहलवान को 31000 का पुरस्कार दिया जाएगा। छगन मीणा ने पिछले दिनों उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीता था। इसी श्रृंखला में यह राशि दी गई।

## सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण व भजन संध्या आज

**कोटा,** (निसं)। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर तृतीय के महावीर नगर प्रथम स्थित सनाढ्य सामुदायिक भवन में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण 11 अप्रेल शुक्रवार को सायं 5 बजे आयोजित होगा।

समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश टंकारिया ने बताया कि सांसद कोष एवं समाज के भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से निर्मित इस भवन के लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा करेंगे। महामंत्री रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर एक भव्य भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का भी समिति द्वारा सम्मान किया जाएगा। कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में सभी ब्राह्मण समाज के समाजबंधुओं को आमंत्रित किया गया है, इसके लिए समिति के सक्रिय सदस्यों द्वारा सोशल मीडिया एवं निमंत्रण कार्ड घर-घर जाकर वितरित किये गए हैं। उन्होंने सभी समाजबंधुओं से बड़ी संख्या में समारोह में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## 30 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। मंडाना पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक कार की डिक्की से 30 किलो 480 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया है, साथ ही एनडीपीएस एक्ट में दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों व तस्करो की धरपकड़ के लिये ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उसी अभियान के तहत पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका के निर्देशन में मंडाना थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी अजय कुमार शर्मा ने मय जाप्ता वाहनों की चैकिंग के दौरान एक कार को रोककर चैकिंग की तो कार की डिक्की में दो कट्टे मिले जिसमें 30 किलो 480 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए कंवरपुरा जिला चेचट हाल रंगबाड़ी कोटा निवासी सोनू यादव (28) एवं सुभाष नगर प्रथम अनंतपुरा निवासी नवजीत (28) को गिरफ्तार किया। मंडाना थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़े गये दोनों तस्करो से बरामद अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा की अन्तर्राष्टीय बाजार में कीमत करीब ढाई लाख रूपये आंकी गई है। पकड़े गये दोनों तस्करो से अनुसंधान जारी है। मामले में आगे की जांच दीगोद थाना पुलिस कर रही है।

## चाकूबाजी के आरोपियों को गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतवाली पुलिस टीम ने चाकूबाजी के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। वहीं एक आरोपी को प्रोडेक्शन वारंट पर जेल से गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 7 अप्रैल को फरियादी जहीन खान ने पुलिस को पर्चा बयान दिया कि वह कार से किराने का सामान लेने विज्ञान नगर जा रहा था उसी समय रोड़ पर गली में कुछ व्यक्ति गाड़ियों पर बैठे हुए थे जिन्हे गाड़ी हटाने को कहा तो उनमें से एक व्यक्ति आया और कहने लगा कि मै सत्तार हुं तू मुझे जानता नही। फरियादी ने पर्चा बयान में कहा कि थोड़ी देर बाद मेरे घर पर दो लड़के आये और उन्होंने कार को हटाने को कहा जब कार की चाबी लेकर उनके साथ गया तो वहां पर तीन व्यक्ति और खड़े थे जिन्होंने जान से मारने की नीयत से चाकूओं से हमला कर दिया, पुलिस ने पर्चा बयान पर मामला दर्ज किया।



पुलिस ने चाकूबाजी के आरोपी को बापर्दा गिरफ्त में लिया।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक राजेश कुमार टेलर के सुपरविजन में एवं रामपुरा कोतवाली के उपनिरीक्षक थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये आसूचना एकत्रित की। शहर एसपी ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी सत्तार को खुली जेल से न्यायालय से प्रोडेक्शन वारंट प्राप्त कर अनुसंधान के बाद गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि मामले में अन्य आरोपी मोईनद्दीन उर्फ गुर्जर, सोयल उर्फ बच्चा, मोहम्मद आशिक उर्फ भोपाली, आसिफ उर्फ तोतला एवं शोयेब खान उर्फ कालिया लगातार अपने छुपने के ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही थी।

शहर एसपी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए लाड़पुरा निवासी मोईनद्दीन उर्फ गुर्जर, कोलीपाड़ा निवासी सोयल उर्फ बच्चा, लाड़पुरा निवासी मोहम्मद आशिक उर्फ भोपाली, लाड़पुरा निवासी आसिफ उर्फ तोतला एवं लाड़पुरा निवासी शोयेब खान उर्फ कालिया सभी आरोपियों को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी अब्दुल सत्तार खुली जेल का सजायाफ्ता कैदी हैं। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है।

## 'भाजपा ने राजनीति को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा'

**कोटा,** (निसं)। विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि 1984 में 2 सांसद से लेकर 2025 में 240 सांसदों और 1 हजार 4 सौ 84 विधायकों और 18 करोड़ से अधिक सदस्यों दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सफर अद्वितीय, ऐतिहासिक, और अनुकरणीय है। भाजपा ने राजनीति को मानव मात्र के सेवा का माध्यम बनाया, शासन में रहकर जनकल्याण की नीतियों लागू की और अपने संगठन का उपयोग सामाजिक सरोकारों के लिए किया है। विधायक शर्मा ने भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित स्वच्छता अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केशवपुरा मुक्तिधाम में सफाई कार्य किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भी इस अभियान में सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया जिससे मुक्तिधाम की सूरत बदल गई। विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक देश पर शासन किया लेकिन कभी स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को बताया कि स्वास्थ्य के मूल में स्वच्छता है। उन्होंने सत्ता में आते ही 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की और घर-घर कचरा संग्रहण योजना, अमृत योजना में कचरा प्रबंधन और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी योजनाओं से स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस काम किए हैं।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दिया हुआ नारा 'न गंदगी करेंगे न करने देंगे' देश के बच्चे-बच्चे को आत्मसात करने की जरूरत है। भाजपा के स्थापना दिवस पर चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान इसी अभियान की एक कड़ी है जो आम जन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का काम करेगी। श्रमदान करने वालों में मण्डल अध्यक्ष दीनू बंजारा, पार्षद योगेश अहलुवालिया, देवेंद्र चौधरी मामा, पी डी गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहरा, शहर जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र राही, आकाश पांचाल, विनोद सेन, अंकित गुप्ता, जगदीश शर्मा, मनोज गुप्ता आदि प्रमुख थे।

## निजी विद्यालयों की बैठक में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु शपथ पत्र का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। प्राईवेट स्कूल वेलफेयर सोसायटी एवं प्राईवेट स्कूल्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 की तैयारियों को लेकर कोटा के निजी विद्यालयों के संचालकों की द्वितीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्राईवेट स्कूल वेलफेयर सोसायटी के महामंत्री संजय शर्मा ने बताया कि बैठक में कोटा के शैक्षणिक वातावरण की गरिमा बनाए रखने तथा विद्यालयों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु शपथ पत्र के विमोचन का निर्णय लिया गया। की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य करने को लेकर सभी विद्यालयों में एक समान नीति लागू की जाएगी। इसके तहत अभिभावकों को शपथ पत्र के माध्यम से जागरूक किया जाएगा, जिससे वे विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी निभाएं। वरिष्ठ सदस्य महेश विजय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालयों का संचालन किया जाएगा, जिससे शैक्षणिक अनुशासन को मजबूती मिलेगी। महेश गुप्ता ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया और कहा कि यदि कोई छात्र न्यूनतम उपस्थिति नहीं रखता है, तो वह विद्यालय एवं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभिभावकों की होगी। डॉ.जफर मोहम्मद ने बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक माह बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं का समाधान और नवीन जानकारी साझा की जाएगी। श्री कुलदीप माथुर ने कहा कि यह बैठक कोटा के शैक्षणिक माहौल को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे अभिभावकों एवं विद्यालयों के मध्य समन्वय और मजबूत होगा।

इस पर महावीर विजय, अमित धारीवाल, राज दाधीच, अनिल मित्तल, ए.जी.मिर्जा, नकुल विजय, जय जैन, आनंद राठी, डॉ.अजय शर्मा, हशरू पठान, अमिनेश जैन, नरेश जैन, श्याम शर्मा, जैन, योगेश शर्मा, प्रतीक अग्रवाल, डॉ. जावेद, सैमुअल टाइटस, सिद्धांत समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**कोटा,** (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज कोटा महानगर द्वारा देवाधिदेव जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रचार सचिव मनोज जैन आदिनाथ ने बताया कि प्रातः 7 बजे से शोभायात्रा का आयोजन रामपुरा से दशहरा मैदान तक किया गया। दशहरा मैदान में भगवान महावीर का अभिषेक, अर्घ समर्पण, सम्मान समारोह, रक्तदान, दिव्यांग शिविर व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

- शोभायात्रा में उमड़ा जैन समाज, रक्तदान, दिव्यांग शिविर और चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




कोटा में भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया गया।

आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनि अरहसागर महाराज एवं मुनि विभोरसागर महाराज ससंघ के प्रवचन हुए। विशिष्ट सेवा कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र, माला व शॉल देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष प्रकाश बज ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल रहे और अध्यक्षता विधायक संदीप शर्मा ने की। कार्यक्रम में कोटा सरस डेयरी के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व यूआईटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम बड़ला, कोषाध्यक्ष जितेंद्र हरसोरा, पूर्व अध्यक्ष राजमल पाटौदी, परम संरक्षक विमल जैन नान्ता व महामंत्री विनोद जैन टोरड़ी, सकल जैन समाज के मुख्य संयोजक जेके जैन, मनोज जैसवाल, विजय दुगेरिया, प्रचार सचिव मनोज आदिनाथ, नरेश जैन वैद, लोकेश जैन, राजेन्द्र गोधा, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक निशा जैन वैद, विकास अजमेरा, पारस जैन, मनोज जैन टोंग्या आदि उपस्थित रहे। संचालन अमित सोगानी, पीके हरसोरा, संजय सांवला ने किया।

जे.के.जैन ने बताया कि देवाधिदेव जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव पर शोभायात्रा से दशहरा मैदान पहुंचने पर भगवान महावीर को 8 द्रव्य समर्पित किए गए। मंगलाचरण के पश्चात स्थापना, जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, अर्घ, गर्भ कल्याण, तप कल्याण, ज्ञान कल्याण, मोक्ष कल्याण व जयमाला अर्घ्य अर्पित किए गये और शांति धारा की गई। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज ने पांच जैन एवं एक अजैन व्यक्ति को माला, साफा व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। चेलना देवी, भागचंद लुहाड़िया, विनोद जैन लाम्बावास, टिकम बास्टा, डॉ.राजेश सामर, गुरु सेवासंघ कुन्हाड़ी को सम्मानित किया गया।

अंत में आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि अरहसागर महाराज एवं मुनि विभोरसागर महाराज के प्रवचन हुए। उन्होंने समाज को महावीर के सत्य व अहिंसा व जैन धर्म के सिद्धांतों को बारीकी से मंच से बताया व समझाया। उन्होंने कहा कि हर धर्म व जाति एवं धार्मिक ग्रंथों व पुस्तकों का सार एक ही है। भगवान महावीर ने हमें मार्ग दिखाया है, उस पर चलकर ही हम परमगति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जैन समाज को एकजुटता का संदेश भी दिया। महावीर के सिद्धांत प्रासंगिक-मुनि अरहसागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि सृष्टि के दुख व पाप को तारने के लिए भगवान का जन्म अलग-अलग समय में विभिन्न रूपों में होता है।

**उत्सव व आत्म-आंकलन का दिनः**-विधायक व पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि आज भगवान महावीर स्वामी का दिन उत्सव व आत्म-आंकलन का दिन भी है। हमें यह विचारना चाहिए कि हम भगवान के कितने सिद्धांतों पर अमल करते हैं, उनका जीवन में पालन करते हैं। यदि हम एक भी सिद्धांत को पूरा कर सकें तो सही अर्थों में भगवान महावीर का जन्मकल्याण सफल होगा। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। बड़े वैमनस्य, क्रोध व ईर्ष्या को रोकने के लिए भगवान महावीर के सिद्धांत मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिंसा का सिद्धांत आपको शाकाहार की ओर ले जाता है और प्रकृति संरक्षण में मदद करता है।

**जन-जन तक पहुंचाएं महावीर के सिद्धांतः**-विधायक संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में जैन समाज को भगवान महावीर के सिद्धांत जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर को आहार की जरूरत होती है, उसी प्रकार धर्म को भी संस्कारों की जरूरत होती है। हमें आने वाली पीढ़ियों को संस्कृति और संस्कार देने होंगे, जिससे भगवान महावीर के मार्ग पर चलकर वे देश सेवा में भागीदार बन सकें।

## धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी कर ठगी के मामले में 1 साल से फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार। रामपुरा कोतवाली के उप निरीक्षक थाना अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि 4 जनवरी 2024 को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की नाकोड़ा बुलियन कंपनी का प्रतिनिधि बनकर कुछ जनों ने 16 लाख की ठगी की है। मामला दर्ज कर पूर्व में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वही मामले में एक आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई करते हुए 1 साल से फरार चले आरोपी शाहरुख को भी गिरफ्त में लिया है।

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुंपातरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपां./2025/105-07 **लोक सूचना** दिनांक:-04.04.2025

श्रीमती कैलाश बाई उर्फ कैलाशी बाई पत्नी श्री कृष्णमुरारी जाति मीना निवासी कोटा रोड गजनपुरा तह. बारां जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | गजनपुरा | 419 | 2.21 है. में से 1.60 है. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.......को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां